
सेक्स रैकेट का सरगना गिरफ्तार

# काम का झांसा देकर बंगाल की महिला को देह व्यापार में धकेला

बाहर राज्य और जिलों से युवतियों को नौकरी का झांसा देकर जबलपुर बुलाने और उन्हें होटलों में ग्राहकों के पास भेजकर देह व्यापार कराने वाले संगठित सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। मामले में मुख्य आरोपी दीपक धानुक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसके तीन अन्य साथी अभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी युवतियों को काम दिलाने का लालच देकर बुलाते थे, फिर जान से मारने की धमकी देकर जबरन देह व्यापार कराने के साथ उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा खुद रख लेते थे।



**जबलपुर।** महिला थाना में दर्ज शिकायत के अनुसार पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की 39 वर्षीय महिला, जो दिल्ली में घरेलू काम करती थी, से दीपक नामक युवक ने फोन पर संपर्क कर जबलपुर में अच्छी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। महिला 11 जुलाई 2026 को जबलपुर पहुंची, जहां उसे गोरखपुर क्षेत्र के एक होटल में ठहराया गया। अगले ही दिन आरोपी ने उसे एक ग्राहक के साथ भेजने का दबाव बनाया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर जबरन देह व्यापार में धकेल दिया गया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि बाद में आरोपी अरविंद ने उसे दूसरे होटल में ले जाकर अन्य युवतियों के साथ रखा और धमकाकर कई ग्राहकों के पास भेजा। विरोध करने पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया और घर लौटने नहीं दिया गया। अलग-अलग होटलों में ले जाकर उससे लगातार देह व्यापार कराया जाता रहा, जबकि उसकी कमाई का अधिकांश हिस्सा आरोपी अपने पास रखते थे। पैसे नहीं होने के कारण वह अपने घर भी नहीं लौट सकी।

जांच के बाद पुलिस ने दीपक, अरविंद, रोशनी पटेल और शिव चौधरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं तथा अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम की धाराओं में महिला थाना में अपराध दर्ज किया।

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनु बेनिवाल के मार्गदर्शन में महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी दीपक धानुक को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से जब्त मोबाइल की व्हाट्सऐप चैट में ग्राहकों को भेजी गई युवतियों की तस्वीरें और बातचीत मिली। पुलिस के अनुसार आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों अरविंद उर्फ प्रियांशु, रोशनी पटेल और शिवकुमार उर्फ आकाश के साथ मिलकर बाहर से युवतियां बुलाकर जबलपुर के कई होटलों में ग्राहकों तक पहुंचाता था। ग्राहकों से ₹2,000 वसूले जाते थे, जिनमें से युवती को ₹500, होटल को ₹500 दिए जाते थे और शेष राशि आरोपी अपने पास रख लेते थे।

पुलिस ने मुख्य आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है तथा पुलिस होटलों और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।



खाद्य विभाग ने की कार्रवाई, गेहूं-चावल के नमूने लेकर शुरू की जांच

# घमापुर में पीडीएस का 50 बोरी अनाज जब्त

**जबलपुर।** घमापुर क्षेत्र में बुधवार दोपहर खाद्य विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के संदिग्ध अनाज से भरे एक मिनी ट्रक को पकड़कर 50 से अधिक बोरियां जब्त कीं। बोरियों में गेहूं और चावल भरा था। कार्रवाई एक जागरूक नागरिक की सूचना पर की गई। विभाग ने अनाज के नमूने लेकर यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि सरकारी राशन किस दुकान से निकाला गया और उसे बिक्री के लिए कैसे लाया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, घंटाघर निवासी रंजीत यादव अपनी बेटी को स्कूल से लेकर घर लौट रहे थे। घमापुर क्षेत्र में उन्हें एक संदिग्ध मिनी ट्रक दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर वाहन में शासकीय टैग लगी गेहूं और चावल की बोरियां मिलीं। उन्होंने चालक से पूछताछ की, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस दौरान वाहन में मौजूद लोगों ने विवाद करने का प्रयास किया, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पूछताछ में वाहन सवार ने बताया कि वह अनाज बरेला से लेकर आया है और मंडी में बेचने जा रहा था। रंजीत यादव का यह भी दावा है कि उड़िया मोहल्ला क्षेत्र से भी सरकारी अनाज की बोरियां वाहन में लोड की गई थीं।

### राशन दुकान से मंडी तक पहुंचने की होगी जांच

रंजीत यादव ने मौके पर ही इंटरनेट के माध्यम से खाद्य विभाग के अधिकारियों का संपर्क नंबर प्राप्त कर पूरी जानकारी दी। सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मिनी ट्रक से 50 से अधिक बोरियों में भरे गेहूं और चावल को जब्त कर लिया।

अधिकारियों ने अनाज के नमूने भी लिए हैं। अब विभाग यह जांच कर रहा है कि सरकारी राशन किस उचित मूल्य की दुकान से निकाला गया, उसे मंडी तक पहुंचाने में किन लोगों की भूमिका रही और पूरे मामले में कौन-कौन जिम्मेदार है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ई-नगर पालिका पोर्टल पर अब बिना ओटीपी नहीं होगा लॉगिन

## नगर निगमों में डिजिटल सुरक्षा और जवाबदेही बढ़ाने नई व्यवस्था लागू

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में संचालित ई-नगर पालिका पोर्टल की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए नई लॉगिन व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब राजस्व, भवन अनुज्ञा, संपत्ति कर समेत पोर्टल के किसी भी मॉड्यूल में प्रवेश करने के लिए केवल यूजर आईडी और पासवर्ड पर्याप्त नहीं होंगे। संबंधित अधिकारी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होने वाला वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) दर्ज करने के बाद ही पोर्टल एक्सेस किया जा सकेगा। नई व्यवस्था का उद्देश्य अनधिकृत लॉगिन पर रोक लगाना, डिजिटल रिकॉर्ड की सुरक्षा बढ़ाना और अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना है। इस बदलाव के बाद यदि किसी अन्य व्यक्ति के पास किसी अधिकारी की लॉगिन जानकारी भी होगी, तब भी वह ओटीपी के बिना पोर्टल का उपयोग नहीं कर सकेगा। माना जा रहा है कि इससे डिजिटल कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी, संवेदनशील सूचनाओं का दुरुपयोग रुकेगा और अधिकारियों द्वारा अपनी लॉगिन जानकारी अधीनस्थ कर्मचारियों को साझा करने की प्रवृत्ति पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा।

अगस्त में उपभोक्ताओं पर बढ़ेगा भार

# बिजली फ्यूल सरचार्ज बढ़ा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर महंगाई का झटका लगा है। प्रदेश की बिजली कंपनियों ने फ्यूल कॉस्ट एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज बढ़ा दिया है, जिससे अगस्त में मिलने वाले बिजली बिल पहले की तुलना में अधिक आएंगे। एक ओर बढ़े हुए बिल उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ डालेंगे, वहीं दूसरी ओर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जारी बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।

बिजली कंपनियों के आदेश के अनुसार जुलाई 2026 के लिए एफसीपीपीए सरचार्ज 1.11 प्रतिशत से बढ़ाकर 3.77 प्रतिशत कर दिया गया है। यानी उपभोक्ताओं को अब 2.66 प्रतिशत अतिरिक्त सरचार्ज देना होगा। इसका सीधा असर बिजली बिल के एनर्जी चार्ज पर पड़ेगा। अनुमान है कि 200 से 300 यूनिट बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं के बिल में 35 से 87 तक की अतिरिक्त राशि जुड़ सकती है। प्रदेश के दो करोड़ से अधिक उपभोक्ता इस बढ़ोतरी से प्रभावित होंगे।



बिजली कंपनियों का तर्क है कि ईंधन और बिजली खरीद की लागत बढ़ने के कारण सरचार्ज में वृद्धि की गई है। यह निर्णय विद्युत नियामक आयोग के टैरिफ नियमों के तहत लिया गया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे परिवारों के लिए बिजली का बढ़ता खर्च नई चिंता बन गया है। घरेलू बजट पर इसका सीधा असर पड़ेगा, खासकर मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर, जिनके लिए हर महीने बढ़ता बिजली बिल आर्थिक दबाव बढ़ा रहा है।

### बिल ज्यादा, बिजली कम

प्रदेश में सामान्य से कम बारिश का असर बिजली व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। जलाशयों में जलस्तर घटने से कई ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय 6 से 8 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। जबलपुर और आसपास के गांवों में भी लगातार ट्रिपिंग और बार-बार बिजली गुल होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं का कहना है कि जब पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही, तब बढ़े हुए बिल वसूलना लोगों के साथ अन्याय है।

### एक साल में 37% बढ़ी बिजली की मांग

बिजली कंपनियों के आंकड़ों के अनुसार 27 जुलाई 2025 को प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 10,024 मेगावाट थी, जो 27 जुलाई 2026 को बढ़कर 13,757 मेगावाट पहुंच गई। यानी एक वर्ष में बिजली की मांग में करीब 37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बढ़ती मांग और उत्पादन पर दबाव के बीच अब उपभोक्ताओं को महंगी बिजली और कटौती—दोनों का सामना करना पड़ रहा है।

महिला के खाते से 99 हजार उड़ाए

# गूगल से डॉक्टर का नंबर सर्च करना पड़ा महंगा


**जबलपुर।** साइबर ठगों ने एक महिला को गूगल से डॉक्टर का नंबर सर्च करना महंगा पड़ गया। ऑनलाइन फॉर्म भरवाने के नाम पर ठगों ने महिला के बैंक खाते से 99 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संजीवनी नगर थाना पुलिस के अनुसार वर्षा जैन (45) राजुल सिटी निवासी हैं और यादव कॉलोनी में कॉस्मेटिक्स की दुकान संचालित करती हैं। उनका बैंक ऑफ इंडिया की लेबर चौक शाखा में खाता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 17 जुलाई को उन्होंने गूगल से डॉ. अजय सेठ का नंबर खोजकर कॉल किया। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। महिला ने लिंक खोलकर अपने बेटे का नाम, उम्र और मोबाइल नंबर सहित मांगी गई जानकारी भर दी।

इसके बाद 22 जुलाई की रात उनके बैंक खाते से छह अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 99 हजार रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए गए। शिकायत के बाद साइबर हेल्पलाइन 1930 और साइबर सेल भोपाल में जीरो एफआईआर दर्ज की गई, जिसे संजीवनी नगर थाने भेजा गया। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दोषसिद्धि बरकरार जुर्माना बढ़ाया

# वृद्धावस्था के आधार पर हाई कोर्ट ने घटाई सजा



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए अपीलकर्ता की वृद्धावस्था को देखते हुए कारावास की सजा कम कर दी। वहीं, जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने पीड़ितों को राहत देने के उद्देश्य से जुर्माने की राशि में कई गुना वृद्धि की गई। मामला टीकमगढ़ निवासी हर प्रसाद यादव से जुड़ा है। आरोप था कि उसने अपनी स्वामित्व वाली जमीन पहले बेचने के बाद उसी भूमि की दोबारा रजिस्टर्ड बिक्री कर शिकायतकर्ता से धोखाधड़ी की। अपीलकर्ता ने इसे सिविल विवाद बताते हुए दोषमुक्त करने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने कहा कि दोनों विक्रय पत्रों पर अपीलकर्ता के अंगूठे के निशान हैं और पहली बिक्री के बाद उसका स्वामित्व समाप्त हो चुका था। इसके बावजूद दूसरी बिक्री करना सुनियोजित धोखाधड़ी है। कोर्ट ने धारा 420, 467 और 468 के तहत सजा घटाकर तीन-तीन वर्ष कर दी, जबकि जुर्माना बढ़ाकर क्रमशः 20 हजार, 50 हजार और 20 हजार किया। बढ़ी हुई जुर्माना राशि पीड़ितों को मुआवजे के रूप में देने के निर्देश भी दिए गए।

# जुए के फड़ पर पुलिस का छापा

**जबलपुर।** बरेला पुलिस ने जुए के फड़ पर छापामार कार्रवाई कर छह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। मौके से नगद 5,650 रुपये और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि बीटीआई कॉलोनी मरघटाई रोड स्थित एक खाली मकान में ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर संदीप बर्मन, गौरव दुबे, रामकृष्ण दुबे, शिवा कुमार चक्रवर्ती, साहिल केवट और राज केवट को मौके से गिरफ्तार किया। सभी के कब्जे और जुए के फड़ से नगद राशि एवं ताश के पत्ते जब्त किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

जनहित में सीलिंग और प्रभावी व्यवस्था बनाने की मांग

# ई-रिक्शा के बढ़ती संख्या ट्रैफिक के लिये चुनौती

**जबलपुर।** शहर में लगातार बढ़ रही ई-रिक्शा की संख्या से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने और आम नागरिकों को हो रही असुविधाओं को लेकर जन संगठनों ने पुलिस प्रशासन के समक्ष चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में जन प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक एवं यातायात अधिकारियों से चर्चा कर ई-रिक्शा के संचालन के लिए प्रभावी नियंत्रण व्यवस्था लागू करने की मांग की।उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पी.जी. नाजपांडे एवं



रजत भार्गव ने बताया कि अधिकारियों से हुई चर्चा में यह जानकारी मिली कि वर्तमान में ई-रिक्शा के संचालन को नियंत्रित करने के लिए कोई अलग योजना लागू नहीं है। उनका कहना है कि बिना ठोस नीति के बढ़ती संख्या से यातायात व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो रही है। मंच ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2018 में दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट द्वारा ई-रिक्शा को "रूट से मुक्त" किए जाने के निर्णय पर पुनर्विचार के निर्देश दिए गए थे। संगठन ने मांग की कि न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा के संचालन को व्यवस्थित किया जाए। मंच का कहना है कि वर्तमान में शहर में ई-रिक्शा की संख्या लगभग दोगुनी हो चुकी है। जिस प्रकार ऑटो रिक्शाओं की संख्या पर नियमन और सीमा निर्धारित की गई है, उसी तर्ज पर ई-रिक्शा की संख्या पर भी सीलिंग लगाई जानी चाहिए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। इस अवसर पर एच. वेदप्रकाश अवधिया, मनीष शर्मा, यशवंत कोष्टा , डी.के. सिंह, सुभाष चंद्र, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, पी.एस. राजपूत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

खतरे का भांपकर कुछ देर पहले ही निकले थे मजदूर

# मच्छरहाई मार्केट में जर्जर भवन ढहा

**जबलपुर।** शहर के व्यस्ततम गंजीपुरा मच्छरहाई मार्केट में बुधवार को एक पुराना और जर्जर भवन अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि मरम्मत कार्य में जुटे मजदूरों ने समय रहते खतरे को भांप लिया और भवन से बाहर निकल गए। कुछ ही मिनट बाद पूरी इमारत जमींदोज हो गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलने पर नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा, दोनों तरफ से मार्ग बंद कर भवन के खतरनाक हिस्से को गिराने की कार्यवाही की गई।

जानकारी के अनुसार, यह पुराना भवन पिछले कई महीनों से मरम्मत के दौर से गुजर रहा था। काम के दौरान भवन से तेज दरार पड़ने और चटकने जैसी आवाजें आने लगीं। मजदूरों ने स्थिति की गंभीरता समझते हुए तुरंत काम बंद किया और बाहर निकल आए। उनके बाहर आने के कुछ ही मिनट बाद भवन तेज धमाके के साथ ढह गया। मलबा गिरते ही आसपास धूल का गुबार फैल गया और लोग घबराकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे।



स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश से पहले से कमजोर भवन की स्थिति और खराब हो गई थी। यदि मजदूर कुछ देर और अंदर रहते तो बड़ा हादसा हो सकता था। राहत की बात यह भी रही कि भवन में संचालित दुकानें पहले ही खाली करा दी गई थीं, जिससे किसी व्यापारी या ग्राहक को नुकसान नहीं पहुंचा।

### निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते कुछ दिनों में इसी इलाके में जर्जर भवन गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद जोखिम वाले भवनों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि केवल सर्वे और नोटिस जारी करना पर्याप्त नहीं है। समय रहते खतरनाक भवनों को खाली कराकर सुरक्षित ढंग से हटाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# सिहोरा में चार देशी कट्टे और 2 कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**जबलपुर।** जिले में अवैध हथियारों के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिहोरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को चार देशी कट्टों और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी कथित तौर पर हथियारों की सप्लाई करने जा रहा था, तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिहोरा के हडहा मोहल्ला निवासी 29 वर्षीय भानू तिवारी अवैध हथियार लेकर सिलौड़ी रोड स्थित क्षेत्र में किसी व्यक्ति को देने आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर निगरानी शुरू की। संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके बैग से चार देशी कट्टे और दो कारतूस बरामद हुए। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने हथियार एक अन्य व्यक्ति से बिक्री के लिए मिलने की बात बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा हथियारों के नेटवर्क और सप्लाई चेन की जांच शुरू कर दी है।

गुरु ब्रह्मा: गुरु विष्णु:गुरु देवो महेश्वर:

# मठ, मंदिरों, आश्रमों में गुरु पूर्णिमा महोत्सव

## शिष्यों ने पूजन कर लिया गुरुओं का आशीर्वाद

**सिहोरा।** असाढ मास की पूर्णिमा पर आज बुधवार को शिष्यों ने गुरुओं का चरण वंदन,पूजन,अर्चन कर गुरु पूर्णिमा मनाई।वैसे तो हर शिष्य के लिए गुरु हमेशा ही पूज्यनीय होते है पर आज का दिन सभी के लिए विशेष रहता है। मौसम खुला रहने के कारण सुबह से ही मठ,मंदिरों एवं आश्रमों में गुरु भक्तों की भीड लगी थी। सभी जगह शिष्यों ने नारियल फूलमाला, मीठा, वस्त्र आदि भेटकर गुरु का आशीर्वाद लिया। सपरिवार अपने अपने गुरुओं के दर्शन के बाद शिष्यो ने भंडारे का प्रसाद गृहण किया। सभी शिष्य गुरु की चरण रज पाने आतुर नजर आये



**लोढा सिद्धन धाम कुर्रो-**

नगर का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लोढा सिद्धन धाम कुर्रो पिपरिया में शिष्यों ने श्री श्री 1008 बालसंत सीताराम शरण जू महाराज का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह भक्तों ने श्री सीताशरण जू महाराज के भी दर्शन किए एंव भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

**कटावधाम में आयोजन-**

धर्म स्थली कटाव धाम में सियावल्लभ दास जी वेदांती महाराज का शिष्यों ने पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसमें हरिनाम सेवा समिति कटावधाम के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

**शैलेश्वर धाम सैलवारा-**

शैलेश्वर धाम सैलवारा में ब्रम्हलीन संत प्रकाशवन अवधूत जी महाराज की समाधी स्थल पर आज भक्तों का तांता लगा रहा भक्तों ने पादुका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा संत कैलाशानंद जी महाराज के भी दर्शन किये। भक्तों ने विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

**श्री नृसिंह टेकरी खितौला-**

श्री नृसिंह टेकरी खितौला में साकेत वासी श्री श्री 1008 स्वामी द्वारका दास जी की साधना स्थली मे प्रातः 5 बजे से ही गुरु पूजन कार्यक्रम प्रारम्भ हो गया था। जो देर शाम तक अनवरत जारी रहा। शिष्यों ने महंत गोविंद दास जी महाराज का भी पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एंव भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

**भरभरा आश्रम में गुरु पूर्णिमा-**

भरभरा भटिया आश्रम में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया यहां पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा श्री श्री 1008 संत श्री बनवारी दास जी महाराज का दूर दूर से आये शिष्यों ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजित भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

**सांदीपनी विद्यालय में आयोजन-**

संदीपनी पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में 'गुरु पूर्णिमा पखवाड़े' के समापन समारोह का आयोजन श्रीमती संध्या दिलीप दुबे अध्यक्ष नगर पालिका के मुख्य आतिथ्य,दिलीप पटेल जनपद उपाध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य एंव प्राचार्य अशोक उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों के लिए निबंध,भाषण,मेडिटेशन, नृत्य और संगीत जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसके प्रतिभागी और विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## गुरु के सान्निध्य से ही जीवन को मिलती है सही दिशा : मथुरा प्रसाद मिश्रा

**मझौली।** शासकीय महाविद्यालय मझौली में स्वामी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अजय कोस्टा ने की तथा मुख्य अतिथि मथुरा प्रसाद मिश्रा रहे।मुख्य अतिथि मथुरा प्रसाद मिश्रा ने कहा कि गुरु के सान्निध्य से ही जीवन को सही दिशा मिलती है। गुरु व्यक्ति के चरित्र, विचार और व्यक्तित्व का निर्माण कर उसे समाज व राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी बनाते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अजय कोस्टा ने गुरु पूर्णिमा को भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व बताते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा को जीवन मूल्यों से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. समृद्धि परांजपे ने किया। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, प्रेरक विचार एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. भजनलाल प्रधान, डॉ. शालिनी यादव, गौरीकांत मिश्रा, ललित परस्ते, राजेंद्र मालवे, डॉ. सुनील पांडेय, डॉ. सोनिका धंधारिया, डॉ. रेणुका लारिया राज सहित समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। अंत में सभी ने गुरुजनों के आदर्शों का अनुसरण करते हुए ज्ञान, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित समाज निर्माण का संकल्प लिया।



## गुरु पूर्णिमा पर हुए विविध आयोजन

**बरेला।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिस पर नर्मदा खंड के प्रसिद्ध संत दादा ठनठनपाल जमुनिया वालों के समाधि स्थल जमुनिया और नगर में बस स्टैंड स्थित सिद्ध पीठ श्री श्री 1008 दादा ठनठनपाल मंदिर में दादाजी का पूजन अर्चन अभिषेक एवं रामधून संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश सोनी, कैलाश केशरवानी, मुकेश साहू, मुनी विश्वकर्मा, समर पटेल, सोनू सोनकर इसी प्रकार संस्कार भारती द्वारा नगर के सेवानिवृत्ति शिक्षक मिट्ठू लाल पटेल, समाज सेवी होती लाल पटेल एवं सेवानिवृत शिक्षक प्रेमदास रामायणी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्कार भारती से महेश मानव, प्रेमदास रामायणी ,उदय राम साहू ,संदीप साहू संतोष सरगम, निर्मल लोधी, धर्मदास बैरागी, अनिल जैन, मुनीष जैन सहित सभी लोग उपस्थित थे।

# महर्षि महेश योगी वैदिक विवि में हर्षोल्लास से मनाया गया श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**जबलपुर।** महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय एवं महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ, करौंदी के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के पतंजलि यज्ञ मंडपम में 'श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव-2026' वैदिक गुरु परंपरा के अनुसार श्रद्धा एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासनिक सलाहकार एवं पूर्व कुलसचिव अरविंद सिंह राजपूत, कुलसचिव संदीप शर्मा, निदेशक डॉ. नमिता पाठक, सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ प्रभारी अरविंद सिंह, रतिभान सिंह एवं बिजौरी परिसर प्रभारी राजकुमार श्रीवास्तव ने वैदिक पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। वैदिक विद्वानों ने चारों वेदों एवं श्री गणेश



अथर्वशीर्ष का सस्वर पाठ कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। मुख्य अतिथि अरविंद सिंह राजपूत ने गुरु पूर्णिमा को भारतीय संस्कृति की महान गुरु-परंपरा का प्रतीक बताते हुए महर्षि महेश योगी के भावातीत ध्यान के नियमित अभ्यास का संकल्प दिलाया। कुलसचिव संदीप शर्मा ने कहा कि गुरु अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाला मार्गदर्शक है तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दीक्षारंभ की घोषणा की। निदेशक डॉ. नमिता पाठक ने गुरु को चेतना जागृत करने वाला दिव्य माध्यम बताते हुए महर्षि महेश योगी द्वारा भारतीय ध्यान परंपरा को विश्वभर में पहुंचाने के योगदान को रेखांकित किया। सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने भी महर्षि जी के वैदिक ज्ञान और मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ. अखिलेश जैन, उपकुलसचिव डॉ. अशोक सिंह चौहान, समाजसेवी राजेश व्यौहार, डॉ. मानेन्द्र पाण्डेय, विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारी तथा वैदिक विद्वान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपकुलसचिव बी.के. शुक्ला ने तथा आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक डॉ. सूरज पाण्डेय ने किया।



## गुरु पूर्णिमा पर कबीर कुटी में भव्य पूजा शोभायात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन

**मझौली।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कबीर कुटी, कोष्टा मार्केट मझौली में संत कबीर दास जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, भव्य शोभायात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में समाज के गणमान्यजनों ने शिक्षा, समाज सेवा एवं संत कबीर दास के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सुबह 11 बजे कोष्टा मोहल्ला से निकली भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई भगवान विष्णु वाराह मंदिर, कोष्टा मार्केट पहुंची। भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन के समापन पर विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन समस्त कोष्टा समाज मझौली के सहयोग से संपन्न हुआ।



## नागार्जुन बौद्ध विहार में आषाढ़ पूर्णिमा से 90 दिनों का वर्षावास प्रारंभ

**जबलपुर।** बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार पूर्वी करियापाथर घमापुर में 29 जुलाई को विश्व गुरु तथागत गौतम बुद्ध की आषाढ़ पूर्णिमा पर 90 दिनों का वर्षावास प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर पूज्य चन्दपाणी ने पंचशील झंडा का रोहण किया। भन्ते चन्दपाणी ने गौतम बुद्ध और डॉ. भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती व अगरबत्ती प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर परित्राण पाठ किया। चन्दपाणी ने उपासक एवं उपासिकाओं को आषाढ़ पूर्णिमा एवं गुरुपूर्णिमा की मंगलकामनाएं दी तथा उपासक, उपासिकाओं को फल और खीर का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर राजेश जनबन्धु, सिद्धार्थ उरकुडे, सुनील गजभिये, धर्मशील चाटे, जेए रामटेके, संजय उरकुडे, आशीष गजभिये, नितिन गजभिये, उमाकांत गजभिये, वीरेन्द्र बौद्ध, नंदा पाटिल, कविता सहारे, सुत्रिता भवते, माधुरी पूणिमा वानखेडे, सविता लोखंडे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## हस्तकरघा प्रदर्शनी में देशभर की पारंपरिक साड़ियों का आकर्षण

**जबलपुर।** हस्तकरघा प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक एवं आकर्षक साड़ियां खरीदारों को खूब लुभा रही हैं। प्रदर्शनी में आंध्रप्रदेश की गडवाल, वेंकटगिरी, मंगलगिरी, उप्पदा, कलमकारी और पोचमपल्ली सिल्क, तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क, मध्यप्रदेश की माहेश्वरी एवं चंदेरी सिल्क, उत्तरप्रदेश की बनारसी सिल्क, लखनवी चिकनकारी एवं जामदानी, छत्तीसगढ़ की कोसा सिल्क, गुजरात की पटोला एवं बांधनी, कर्नाटक की बंगलोर सिल्क तथा जम्मू-कश्मीर की कढ़ाईदार साड़ियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। आयोजकों ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से बुनकरों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचकर बेहतर



लाभ मिल रहा है, वहीं उपभोक्ताओं को असली हस्तकरघा उत्पाद उचित कीमतों पर उपलब्ध हो रहे हैं। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शनी पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने नगरवासियों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर हस्तकरघा उत्पादों की खरीदारी करने की अपील की है।

## स्वास्थ्य लाभ लेने के पश्चात अपने घर पहुंचे भगवान जगन्नाथ

**बरेला।** भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ लगी रही। नगर वासियों द्वारा आज भगवान जगन्नाथ जी की वापसी मै भी भगवान के रथ को खींचने के लिए नगर वासियों में उत्साह रहा। रथ यात्रा शाम 5:00 बजे थाने के सामने स्थित राम जानकी मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई। रथ में भगवान जगन्नाथ जी के साथ बहन सुभद्रा और भाई



बलराम सवार रहे। रथ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया तथा जगह-जगह भगवान की पूजन अर्चन की गई यात्रा में भगवान जगन्नाथ जी के जय कार्य के नारे गूंज मान रहे।इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर संकीर्तन मंडल चौकीताल द्वारा यात्रा में हरि नाम संकीर्तन का जाप किया गया।रथ यात्रा देर रात कुंडा स्थित जगन्नाथ स्वामी मां कर्मा देवी मंदिर में संपन्न हुई। रथ यात्रा में मां कर्मा देवी युवा मंडल ,मां कर्मा देवी महिला मंडल श्री जगन्नाथ स्वामी मां कर्मा देवी मंदिर समिति सहित साहू समाज परगना बरेला एवं नगर के गणमान्य नागरिक एवं सभी धर्म के लोग सम्मिलित रहे तथा भगवान के रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## सांदीपनि विद्यालय मझौली में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का समापन

# शिक्षकों व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

**मझौली।** सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मझौली में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के समापन अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। समारोह की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा राजेंद्र चौरसिया ने की। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश शर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद झारिया, जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह ठाकुर, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुनील गामा, समाजसेवी कुरैशी तथा संकुल प्राचार्य अनिल पीटर रहे। सभी अतिथियों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के दौरान आयोजित भाषण, निबंध, श्लोक पाठ, भजन, गुरु वंदना, योग-ध्यान एवं करियर काउंसलिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट



प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण-पत्र एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत विश्वकर्मा एवं महेंद्र तिवारी ने किया। आयोजन में सांस्कृतिक प्रभारी नमिता बड़गैयाँ, रमा सिंह ठाकुर, संगीता साहू तथा संध्या विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती ऋतुराज गोस्वामी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजन निरंतर करने का संकल्प दोहराया।



## महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ मंगेली में हर्षोल्लास से मनाई गुरुपूर्णिमा

**जबलपुर।** महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ मंगेली जबलपुर में 29 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम प्रभारी जगभान खरे द्वारा गुरुपूजन, दीप प्रज्वलन कर सामूहिक भावातीत ध्यान साधना के साथ किया गया। गुरुपूर्णिमा आयोजन में आये मुख्य अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल एवं माल्यार्पण से प्रभारी जगभान खरे द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि त्रिशूल आश्रम के ज्ञानानंद महाराज द्वारा गुरु महिमा पर प्रकाश डाला गया, वहीं संतोष शर्मा द्वारा भावातीत ध्यान के विषय पर प्रकाश डाला गया। संचालन प्राचार्य रामजी पांडेय ने किया। कार्यक्रम में व्यवस्थापक संतोष, धर्मेन्द्र, वसंत निगम, समाजसेवी बंटी भसीन, दुर्गा पटेल, रामगोपाल पटेल, समस्त वैदिक पंडित एवं भूतपूर्व सरपंच कमला पटेल उपस्थित रहे।

**श्री महेंद्र कुमार शर्मा** - मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक, प्रख्यात शिक्षाविद एवं योग शिक्षक महेंद्र कुमार शर्मा का पुणे में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार जबलपुर के ग्वारीघाट में श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। वे अपने पीछे धर्मपत्नी ज्योति शर्मा तथा पुत्रियां रश्मि, गरिमा और महिमा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



**श्री चूरामन साहू का निधन-** सिहोरा, खितौला निवासी लोकतंत्र सेनानी मीसा बंदी चूरामन साहू का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार खितौला स्थित हिरन नदी घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील साहू के पिताजी एवं संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू, शंभू, राजेन्द्र, योगेश बंटी, अमित, आशीष साहू के चाचा थे।



**श्रीमती गुरदेव कौर समरा-** मदनमहल स्थित राधास्वामी सत्संग भवन के निकट निवासी श्री शेर सिंह समरा की धर्मप्त्नी श्रीमती गुरदेव कौर समरा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मोहन सिंह दरयानी-** भवानी एक्सटेंशन तिलहरी निवासी श्री मोहन सिंह दरयानी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रविचंद घसिया-** ठक्कर ग्राम घसिया कालोनी निवासी श्री रविचंद घसिया (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जानकी देवी-** उदय नगर नं. 1 व्हीकल रोड निवासी श्री सत्य नारायण सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी देवी (77) का निधन हो




गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामवती बाई-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सुभाष की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती बाई (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पूनम दाहिया-** इंद्रा नगर गुप्तेवर निवासी श्रीमती पूनम दाहिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति साहू-** पंजाब बैंक कॉलोनी निवासी श्री रामदीन साहू की धर्मपत्नी श्रीमती शांति साहू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान भूमि में किया गया।

**श्री विष्णु प्रसाद पटेल-** गढ़ाफाटक निवासी श्री विष्णु प्रसाद पटेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। **श्री संजय कोरी-** तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री संजय कोरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।**विजय लक्ष्मी मिश्रा-** इंद्रपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी विजय लक्ष्मी मिश्रा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा तिवारी-** बल्देवबाग स्टेट बैंक कॉलोनी सिंगल स्टोरी निवासी श्री रमेश दत्त तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान भूमि में किया गया।**श्री वीरेंद्र सिंह चौहान-** बीटी कम्पाउंड गढ़ा निवासी श्री वीरेंद्र सिंह चौहान (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

# असम में बाढ़ का कहर: 622 गांव पानी में डूबे, 75 लोगों की गई जान

पिछले 24 घंटे में 7 लोगों की मौत हुई। सात जिले अब भी प्रभावित हैं। सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि बढ़ाकर 9 लाख रुपए कर दी है और राहत अभियान जारी है

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में बाढ़ का कहर जारी है। अब इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 75 हो गई है। बाढ़ के कारण असम में पिछले 24 घंटों में सात लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इससे प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 3.32 लाख रह गई है। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मृतकों के परिवारों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को बढ़ाकर 9 लाख रुपये प्रति परिवार कर दिया है।

मुआवजे का लाभ उठाने के लिए मानदंडों में ढील दी है। अधिकारियों ने बताया कि शिवसागर, चराइदेव, गोलाघाट, जोरहाट, नागांव, सोनितपुर और कामरूप महानगरपालिका के सात जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे 21 राजस्व सर्किल और 622 गांव प्रभावित हुए हैं।

▶▶ राज्य के 7 जिलों की करीब साढ़े 3 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित

▶▶ प्रभावित जिलों में 81 राहत शिविर कार्यरत, जिनमें 32,477 विस्थापित लोगों ने शरण ली

◆ खतरनाक हालात पर हिमंता सरकार का बड़ा ऐलान


कीचड़ से मुसीबत,बीमारियों का डर


पीड़ित क्षेत्रों में बांटी जा रहीं दवाएं

**45 हजार हेक्टेयर की फसल चौपट**

बाढ़ प्रभावित जिलों में 45,341.98 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न हो गया है। वहीं, घरों, गौशालाओं, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। अधिकारियों ने बताया कि निर्बाध मोबाइल फोन कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए, शिवसागर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में इंट्रा सर्कल रोमिंग (आईसीआर) सुविधा को 30 जुलाई को रात 11:59 बजे तक या अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है।

### चराईदेव में सबसे ज्यादा नुकसान

बाढ़ से प्रभावित आबादी 3.32 लाख थी। वहीं, चराइदेव सबसे बुरी तरह प्रभावित जिला था, जहां 1.42 लाख लोग प्रभावित हुए, उसके बाद शिवसागर (97,074) और जोरहाट (57,371) का स्थान रहा। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को सात लोगों की मौत की सूचना शिवसागर जिले के नजरिया राजस्व सर्कल से मिली, जिससे इस साल बाढ़ में मरने वालों की संख्या 75 हो गई है।


कई पशु पानी में डूबते दिखे



### सीएम सरमा ने कहा-राहत कार्य जारी

मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राहत शिविरों में बच्चों की सीखने-सिखाने की गतिविधियों की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, राहत शिविरों में बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण बनाना हमारी प्राथमिकता बनी हुई है। सीखने और खेलने के लिए समर्पित स्थान यह सुनिश्चित करने में मदद कर रहे हैं कि बाढ़ का प्रभाव उनके बचपन को बाधित न करे और वे मौजूदा स्थिति से प्रतिकूल रूप से प्रभावित न हों।

## खबर संक्षेप

### एक टीटीई 5 एसी या 3 स्लीपर कोच करेंगे चैक

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय रेलवे में कर्मियों का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए नए दिशानिर्देश लागू किए गए हैं।



इसके तहत एक ट्रैवलिंग टिकट परीक्षक (टीटीई) को अधिकतम 5 एसी डिब्बों या 3 चेयर कार/स्लीपर डिब्बों में टिकट जांच की जिम्मेदारी दी जाती है। नांदेड़ से कांग्रेस सांसद रवींद्र वसंतराव चव्हाण द्वारा टीटीई पर बढ़ते काम के बोझ से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि ट्रेन में तैनात टीटीई की संख्या डिब्बों के प्रकार पर निर्भर करती है।

### पाक ने प्रदर्शनकारियों को बताया बड़ा दुश्मन


इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में मृतकों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है।



हालात बिगड़ने के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने प्रदर्शनकारियों की तुलना भारत से करते हुए उन्हें पाकिस्तान का दुश्मन करार दिया और किसी भी बातचीत से साफ इनकार कर दिया। वहीं, प्रधानमंत्री के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने दावा किया कि प्रदर्शनकारी मुजफ्फराबाद और मीरपुर पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं।

### यूक्रेन में फंसे 13 भारतीय नाविक, सुरक्षा की मांग

कीव। यूक्रेन के चोर्नोमोर्स्क बंदरगाह पर खड़े वाणिज्यिक पोत एमवी अमीर-1 पर सवार 13 भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर कीव स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि वह स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है।



क्षेत्र में लगातार हो रहे ड्रोन और मिसाइल हमलों के कारण नाविक भय के साये में हैं। भारतीय नाविक संघ ने भारत सरकार से चालक दल की तत्काल सुरक्षा और उनकी स्वदेश वापसी की गुहार लगाई है। इससे पहले 25 जुलाई को ओडेसा बंदरगाह पर एक अन्य जहाज पर हुए हमले के बाद से दो भारतीय नाविक अभी भी लापता हैं।

भारत और पाक के लोगों ने की वारदात

# सस्ते ट्रिप का झांसा देकर थाईलैंड के पटाया में 3 भारतीयों का अपहरण

◀ परिजनों को फोन कर मांगी फिरौती



एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड में छुट्टी मनाने गए तीन भारतीयों के लिए यह ट्रिप एक बुरे सपने में बदल गई। उन्हें पटाया में भारतीय और पाकिस्तानी नागरिकों के एक गिरोह ने कथित तौर पर कई दिनों तक बंधक बनाकर रखा।

इन नागरिकों को स्थानीय पुलिस ने आखिरकार रेस्क्यू किया है। इन लोगों को किडनैप करने से पहले कम कीमत वाले टूर पैकेज का लालच देकर देश बुलाया गया था। इसके बाद इनको बंधक बनाकर प्रताड़ित किया गया।

थाईलैंड के अखबार के अनुसार, गिरोह ने पीड़ितों को बार-बार परेशान किया और उनके परिवारों से फिरौती मांगी। इनमें से पांच अपहरणकर्ताओं को उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वे थाईलैंड से बाहर जाने के लिए फ्लाइट ले रहे थे। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी भारतीय नागरिक हैं।

### पीड़ितों के शरीर पर कई चोटों के निशान

संदिग्ध पाकिस्तानी को अभी पकड़ा नहीं जा सका है। सोमवार को पुलिस ने पटाया में छापा मारा तो उन्हें तीन लोग दो बेडरूम में बंधे हुए मिले। उनके हाथ, मुंह और पैर बंधे हुए थे। अधिकारियों ने उनके टखनों पर चोट के निशान भी देखे, जो कठोर चीजों से बार-बार पीटे जाने के कारण बने थे। सभी को अस्पताल ले जाया गया और जरूरी इलाज कराया गया। इन लोगों ने जांचकर्ताओं को बताया कि एक हफ्ते तक बंधक बनाए जाने के दौरान उन्हें रोजाना टॉर्चर किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें उल्टा लटकाया गया, टखनों पर पीटा गया, खाना और टॉयलेट की सुविधा नहीं दी गई, और फिरौती की मांग के लिए भारत में अपने परिवारों को फोन करने के लिए मजबूर किया गया।

### दो मंजिला घर में बंधक बनाकर रखा था

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अवतार सिंह, जगजीत सिंह, रामबालक कुमार, सुखबीर सिंह और कुलरा सिंह के तौर पर हुई है। उन्हें बैंकाक के ख्लोंग टैन इलाके के एक होटल से पकड़ा गया। इनकी पकड़ से 23 से 26 साल की उम्र के इन तीन पीड़ितों को थाई पुलिस ने 27 जुलाई को पटाया के बैंग लमुंग जिले में एक दो मंजिला घर से बचाया। पुलिस ने अपहरणकर्ताओं का पता लगाकर इस जगह तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। गिरोह ने कथित तौर पर इन लोगों को कम कीमत वाले सात दिन के टूर पैकेज का लालच देकर थाईलैंड बुलाया था और फिर उनका अपहरण कर लिया था।

भारत में बाघ संरक्षण का चल रहा ऐतिहासिक दौर

# मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कैसे सहेजे गए बाघ बाघों की संख्या बढ़कर 3600 से अधिक अधिक


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) द्वारा आयोजित वैश्विक बाघ दिवस 2026 समारोह के दौरान भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने देश में बाघों की सुरक्षा, उनके संरक्षण और जैव विविधता में हुई ऐतिहासिक प्रगति को रेखांकित किया। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वन्यजीव विशेषज्ञ, वन विभाग के कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समारोह में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश में बाघों और बाघ अभ्यारण्यों (टाइगर रिजर्व) के विस्तार में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। भारत में वर्तमान में बाघों की संख्या बढ़कर 3,682 हो गई है, जबकि बाघ अभ्यारण्यों की कुल संख्या 58 तक पहुंच चुकी है। इसके अलावा, हाथी अभ्यारण्यों, राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभ्यारण्यों, संरक्षित क्षेत्रों और आर्द्रभूमियों की संख्या में भी निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वन्यजीव संरक्षण केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पारंपरिक ज्ञान, संवेदनाएं, गहरा जुनून और अग्रिम पंक्ति के वन अधिकारियों व कर्मियों का वर्षों का अनुभव समाहित है। उन्होंने वन अधिकारियों से अपने व्यावहारिक अनुभवों का दस्तावेजीकरण करने और उन्हें इस तरह साझा करने का आह्वान किया जिससे भविष्य के लिए व्यावहारिक नीतिगत समाधान विकसित किए जा सकें।

**पर्यावरण-पर्यटन** का नया डिजिटल मंच और जमीनी कार्यकर्ताओं का सम्मान

**वैश्विक बाघ दिवस** 2026 पर कई महत्वपूर्ण पहल पर रिपोर्ट जारी



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री भूपेंद्र यादव

### वेबपेज किया लांच

वैश्विक बाघ दिवस 2026 के इस विशेष मंच से एनटीसीए का नया पर्यावरण-पर्यटन वेबपेज आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म देश के सभी बाघ अभ्यारण्यों से संबंधित प्रामाणिक और आधिकारिक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। इस पोर्टल के माध्यम से पर्यटक सफारी और प्रवास बुकिंग के लिए सीधे संबंधित अभ्यारण्यों की आधिकारिक वेबसाइटों से जुड़ सकेंगे। इससे पर्यटन में पारदर्शिता आएगी और जिम्मेदार एवं सतत प्रकृति-आधारित पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।समारोह के दौरान जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन कर्मियों और वन्यजीव अधिकारियों को बाघ संरक्षण और संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन में अनुकरणीय योगदान के लिए एनटीसीए पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, दिल्ली-एनसीआर के स्कूली बच्चों के लिए बाघ बचाओ विषय पर आयोजित चित्रकला, नारा लेखन, स्केचिंग और मुखौटा निर्माण प्रतियोगिताओं की सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया।



### 10 लाख से अधिक जंगली बाघ विचरण करते थे

*विश्व स्तर पर बाघ संरक्षण की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि लगभग एक शताब्दी पूर्व एशिया भर में 10 लाख से अधिक जंगली बाघ विचरण करते थे, लेकिन अवैध शिकार, अवैध व्यापार और आवास क्षरण के कारण आज वे अपने ऐतिहासिक आवास के 8 प्रतिशत से भी कम हिस्से में सीमित रह गए हैं। इस संकट का मुकाबला करने के लिए 2010 के सेंट पीटर्सबर्ग सम्मेलन में 13 बाघ रेंज देशों ने प्रतिवर्ष 29 जुलाई को वैश्विक बाघ दिवस मनाने और बाघों की आबादी को बढ़ाने का संकल्प लिया था। भारत ने इस संकल्प को न केवल सफलतापूर्वक हासिल किया है बल्कि वैश्विक बाघ संरक्षण में अग्रणी भूमिका भी निभाई है।*

### बाघ संरक्षण की जरूरत

*बाघ संरक्षण को विज्ञान-आधारित और तथ्य-परक बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम के दौरान पांच प्रमुख रिपोर्ट और प्रकाशन जारी किए गए। इनमें एनटीसीए की आउटरीच पत्रिका 'स्ट्राइप्स' का जुलाई 2026 का संस्करण, 24 बाघ अभ्यारण्यों की सुरक्षा लेखापरीक्षा रिपोर्ट, बाघ अभ्यारण्यों में रीछों के लिए आवास उपयुक्तता मूल्यांकन रिपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) और जीटीएफ द्वारा प्रकाशित 'टाइगर्स ऑफ द वर्ल्ड', तथा चंद्र प्रकाश गोयल व सत्य प्रकाश यादव द्वारा लिखित पुस्तक 'द रहमान खेड़ा टाइगर' शामिल हैं।*

अब भारत में सजेंगी वर्ल्ड-क्लास महफिलें

# 224 धरोहरों पर शो और आरबीआई के बड़े फैसले से लाइव इवेंट्स को मिला सुपर-बूस्ट!



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने लाइव इवेंट सेक्टर को आर्थिक विकास, रोजगार, पर्यटन और संस्कृति का प्रमुख जरिया मानते हुए वर्ष 2030 तक भारत को वैश्विक लाइव इवेंट्स का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने लोकसभा में यह जानकारी दी। जुलाई 2025 में गठित लाइव इवेंट्स डेवलपमेंट सेल (एलईडीसी) की अब तक हुई चार बैठकों में इस उद्योग को मजबूती देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं।

### 29 राज्यों में नोडल अधिकारी नियुक्त

कारोबार को सुगम बनाने के लिए इंडिया सिने हब (आईसीएच) पोर्टल पर ऑनलाइन अनुमति प्रणाली शुरू की गई है, जहां 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। इसके अलावा 13 मार्च 2026 को जारी मॉडल लाइसेंसिंग फ्रेमवर्क को तीन राज्यों में लागू भी किया जा चुका है। सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने एसओपी तैयार कर 224 विरासत स्थलों पर कार्यक्रमों की अनुमति दे दी है।

इधर जेलेंस्की-ट्रंप की मुलाकात हुई

# उधर, यूक्रेन ने रूस की तेल रिफाइनरी पर बोला हमला

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन ने दावा किया है कि उसकी सेना ने लंबी दूरी के ड्रोन और मिसाइलों से रूस के रियाजान स्थित प्रमुख तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया है। सीमा से 400 किलोमीटर दूर स्थित 1.7 करोड़ टन वार्षिक क्षमता वाली इस रिफाइनरी में हमले के बाद भीषण आग लग गई।

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई जब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बंद कमरे में अहम मुलाकात की। जेलेंस्की ने कहा कि रूस पर आर्थिक और सैन्य दबाव बढ़ाने के लिए ये हमले जरूरी हैं, ताकि युद्ध को जल्द खत्म किया जा सके। वॉशिंगटन दौरे के दौरान जेलेंस्की ने अमेरिकी सांसदों और लॉकहीड मार्टिन व रेथियॉन जैसी प्रमुख रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।



झारखंड में पुलिस को बड़ी सफलता

# 2.20 करोड़ का इनामी वांटेड नक्सली मिसिर बेसरा गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान में ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के पोलित ब्यूरो सदस्य और देश के सबसे वांछित नक्सलियों में शामिल मिसिर बेसरा को धनबाद से गिरफ्तार कर लिया है। उस पर झारखंड और ओडिशा सरकार की ओर से कुल 2.20 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। डीजीपी तदाशा मिश्रा के अनुसार, मंगलवार शाम धनबाद के बरवड्डा थाना क्षेत्र में चलाए गए ऑपरेशन दौरा पहाड़ के तहत यह कार्रवाई की गई। 65 वर्षीय मिसिर बेसरा (उर्फ सागर दा) के साथ 15 लाख के इनामी नक्सली मेहनत और गौरव को भी पकड़ा गया है।



यह तिकड़ी कुल 320 आपराधिक मामलों में वांछित थी। वर्ष 1980 से संगठन में सक्रिय बेसरा पर 175 मामले दर्ज हैं। उसने झारखंड और पड़ोसी राज्यों में माओवादी नेटवर्क और सशस्त्र दस्तों के गठन में मुख्य भूमिका निभाई थी।

## देश के पहले डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री मेडिसिन की शुरुआत

रक्षा मंत्री ने बताया सेना के मनोबल और स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत आधार

# युद्ध हो, प्राकृतिक आपदा हो या मानवीय संकट हमारे सैनिकों की सेवा सर्वोपरि: राजनाथ सिंह

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ स्थित कमांड हॉस्पिटल में देश के पहले डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री मेडिसिन की स्थापना को सशस्त्र सेनाओं की मेडिकल सर्विस के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय करार दिया है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं की पहचान केवल रणभूमि में पराक्रम से ही नहीं, बल्कि मानवीय सहायता और आपदा राहत के दौरान दिखाई जाने वाली संवेदनशीलता से भी है। चाहे युद्ध का मैदान हो, प्राकृतिक आपदा हो या कोई मानवीय संकट, हमारे सैनिक हमेशा सेवा भावना को सर्वोपरि रखते हैं।



**कारगिल में सेना के अदम्य साहस से पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी**

रक्षा मंत्री ने कठिन परिस्थितियों में तैनात जवानों के स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे सैनिक सियाचिन की शून्य से नीचे की बर्फीली ऊंचाइयों से लेकर रेगिस्तान की कड़ाके की धूप तक, दुनिया के सबसे जटिल और कठिन क्षेत्रों में देश की रक्षा करते हैं। ऐसी कठिन परिस्थितियों में जवानों को अत्यधिक ऊंचाई से जुड़ी बीमारियों, अत्यधिक ठंड या गर्मी से होने वाली चोटों, निर्जलीकरण, संक्रामक रोगों, थकान और पोषण संबंधी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह नया समर्पित विभाग इन सभी विशेष परिचालन परिस्थितियों के लिए सटीक और आधुनिक चिकित्सा प्रोटोकॉल विकसित करने का काम करेगा। बदलते दौर में आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप का उल्लेख करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के समय में पारंपरिक हथियारों के साथ-साथ व्यापक विनाश के हथियारों का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

### राष्ट्र की संप्रभुता और प्रगति का मूल आधार सैन्य शक्ति

लखनऊ की ऐतिहासिक सैन्य परंपराओं और कमांड हॉस्पिटल के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने याद दिलाया कि यहां के चिकित्सकों ने ऑपरेशन विजय और कारगिल युद्ध के दौरान अदम्य साहस और समर्पण का परिचय दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता और प्रगति का मूल आधार उसकी सैन्य शक्ति और जवानों का मनोबल होता है।

अमेरिका में भारतीयों की लॉटरी!

# सात साल से रह रहे लोगों को मिलेगा ग्रीन कार्ड, यूएस सीनेट में आया धमाकेदार बिल

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में वर्षों से रह रहे लाखों भारतीयों के लिए एक बेहद राहत भरी और बड़ी खबर सामने आई है। डेमोक्रेटिक सीनेटर एलेक्स पैडिला ने अमेरिकी संसद में एक नया इमिग्रेशन बिल पेश किया है, जो अगर कानून बनता है तो अमेरिका में कम से कम सात साल से लगातार रह रहे आप्रवासियों को सीधे ग्रीन कार्ड (स्थायी निवास) के लिए आवेदन करने का अधिकार देगा।

इस कदम से लंबे समय से स्थायी निवास का इंतजार कर रहे एच-1बी वीजा धारक भारतीय पेशेवर, ड्रीमर्स और टीपीएस धारकों समेत लगभग 80 लाख लोगों को सीधा फायदा पहुंचेगा। पैडिला ने इमिग्रेशन एक्ट ऑफ 1929 के प्रावधानों के नवीनीकरण के तहत पेश इस बिल के जरिए 1986 के बाद से न बदले गए नियमों को आधुनिक बनाने की वकालत की है। वर्तमान में इमिग्रेशन कानून की रजिस्ट्री कटऑफ तिथि 1 जनवरी 1972 तय है, जिसे यह नया कानून बदलकर 7 साल की रोलिंग समय-सीमा में बदल देगा।




### संसद से बिल पास कराना बड़ी चुनौती

भारतीय पेशेवरों के लिए यह किसी बड़े वरदान से कम नहीं है, क्योंकि वे एम्प्लॉयमेंट-बेस्ड ग्रीन कार्ड की सख्त सीमाओं के चलते दशकों तक इंतजार करने को मजबूर थे। हालाँकि, रिपब्लिकन पार्टी के कड़े रुख के कारण इस बिल को संसद से पारित कराना एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन इस प्रस्ताव ने अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय के बीच एक नई उम्मीद जरूर जगा दी है।

## गुरु पूर्णिमा


पिपलेश्वर मंदिर गुप्तेश्वर रोड महामंडलेश्वर मृत्युंजय महाराज मौनीबाबा)।


डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज कालीधाम मिटौली।


स्वामी रंजीतानंद महाराज, कालीधाम।


दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती प्यारेनंद महाराज।


स्वामी नरसिंहदास महाराज, गीताधाम ग्वारीघाट।


महंत श्री श्यामदास महाराज, प्रेमानंद आश्रम।


मनोज तिवारी रामलला मंदिर।


शिवकुमार तिवारी, रामलला मंदिर।

# श्रद्धा, समर्पण और गुरु कृपा का महापर्व है गुरु पूर्णिमा : ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी

**-बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में व्यास-पूर्णिमा पर हुआ भव्य गुरु पूजन, गुरु महिमा का हुआ भावपूर्ण गुणगान**



**हरिभूमि, जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा एवं व्यास-पूर्णिमा के पावन अवसर पर बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर अपने गुरु के प्रति श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी द्वारा पूज्य ब्रह्मलीन ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के श्रीचरणों में पादुका पूजन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात गुरु महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और आत्मिक जागरण का उत्सव है। शिष्य की निस्वार्थ निष्ठा तथा भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण का समन्वय ही वास्तविक गुरु दीक्षा है।**गुरू के महत्व को बताया आधार**-अपने उद्बोधन में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "गुरु बिन भव निधि तरइ न कोई, जो बिरंचि शंकर सम होई" का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन के बिना मनुष्य जीवन रूपी भवसागर को पार करना संभव नहीं है। गुरु ही जीवन का आधार, प्रेरणा और परम सत्य तक पहुँचने का सेतु हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। पूरे आयोजन के दौरान आश्रम परिसर भक्ति, श्रद्धा और वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धर्म, सेवा और संस्कारों के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।**यह रहे उपस्थित**- इस अवसर पर विधायक आचार्य राजेंद्र शास्त्री, भारत सिंह यादव, विनय सक्सेना, मधु यादव, श्रीमती नीता पटेल, बृजेश दुबे, गोविंद साहू, संजय गुरु, हेमंत मिश्रा, मनोज सेन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गुरु वंदना, आशीर्वचन एवं प्रसाद वितरण के साथ भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## कांवड़ यात्रा बाबा बैजनाथ धाम रवाना...

**जबलपुर।** हाथीताल से आदर्श केसरवानी वैश्य समाज संगठन के तत्वावधान में एक विशाल कांवड़ यात्रा गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर बिहार के सुल्तानगंज पहुंचेगी जहां से गंगा का जल लेकर सभी कांवड़िए झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम शिवलिंग के दर्शन करते हुए उनको जल अर्पित करेंगे। भोलेनाथ के दर्शन के लिए रवाना होने के पश्चात श्रावण माह के प्रथम सोमवार को बाबा बैजनाथ धाम में जल अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस कांवड़ यात्रा को कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह के अनुज लेखराज सिंह मुन्ना भैया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुरषोत्तम गुप्ता, राजेश केसरवानी, पार्षद राजकुमार पटेल, राहुल गुप्ता, ज्ञानेन्द्र तिवारी, हरिवंश गुप्ता, सोनू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## शिव मंदिर बेलबाग में गुरु वंदना, भजन संध्या आयोजित

**जबलपुर।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में शिव मंदिर बेलबाग में वृंदावन से पधारे संत श्यामजी महाराज के सान्निध्य में गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाराज ने कहा कि गुरु और भगवान के चरणों में भजन संध्या ही ऐसा कारगर उपाय है जिसमें भक्त अपनी अंतरआत्मा को श्री चरणों में समर्पित करता है, जिसमें मन को भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। महाराजश्री का स्वागत समिति के राजकुमार कुशवाहा, अरुण राय, बृजलाल पैगवार, अचलनाथ, राजीव गुप्ता, उषा बेलवंशी, मधु पैगवार ने किया। अंत में समिति के गज्जू गुप्ता, मिन्टू गुप्ता और लवकुश गुप्ता ने भंडारे का प्रसाद वितरित किया।

# मंचीय कलाकार वेलफेयर एसोसिएशन का सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक आयोजन संपन्न



**जबलपुर।** मंचीय कलाकार वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) म.प्र. कलाकार एसोसिएशन द्वारा 25 जुलाई को कला वीथिका में सम्मान समारोह एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम अध्यक्ष रिंकु विज, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे, वरिष्ठ अधिवक्ता दीप्ति घनघोरिया, संस्थापक मोहन विश्वकर्मा रायल एवं संरक्षिका कृष्ण नायडू ने दीप प्रज्वलित कर किया। सरस्वती व गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में डीवी प्रभाकर, सोहन चौधरी, मोहन दाहिया, योगेश विश्वकर्मा, सुषमा रोहित, मस्तराम नैनपुर, सुषमा केशरवानी, माला यादव तथा जवाहर बम्मन टीम ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

प्रदेश महासचिव अनिल प्रजापति, उपाध्यक्ष रमन पटेल और माला यादव ने संगठन को मजबूत करने तथा आई-कार्ड योजना की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कलाकारों की सुरक्षा, आर्थिक सहायता, हितग्राही योजनाओं में शामिल करने एवं स्वतंत्र कलाकार कल्याण बोर्ड के गठन की मांग रखी। कार्यक्रम में कुटुम्ब ऐप पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों सहित प्रसिद्ध गायक मनोहर बर्मन, अविनाश झंकार, सुरेश परौहा, रघुवर दास अहिरवार एवं कोरियोग्राफर शिल्पी आत्रे का सम्मान किया गया। सतना, कटनी, मैहर, नरसिंहपुर, डिंडौरी, मंडला, नैनपुर, उमरिया, सागर, दमोह, पाटन, लखनादौन सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं कलाकार उपस्थित रहे। संचालन मुकुल वर्मा एवं नीरज जैन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रदेश संगठन मंत्री ब्रजेश सेन ने किया।




## राइट टाउन स्टेडियम में खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को नशामुक्ति का दिलाया संकल्प

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान के अंतर्गत थाना जीआरपी जबलपुर पुलिस द्वारा राइट टाउन स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों (एथलीट्स) एवं प्रशिक्षकों (कोच) को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस स्टाफ ने उपस्थित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO 17021379F RANK HAV NAME KATHAD ISHVAR RAMESHBAHI S/O KATHAD RAMESHBHAI UNIT MAG NO 8 C/O 506 ARMY BASE WKSP, C/O 56 APO SOLEMNLY AFFIRM THAT I HAVE CHANGED OF MY NAME FROM KATHAD ISHVAR RAMESHBAHI (NAME AS PER ARMY SERVICE RECORDS) TO KATHAD ISHVAR RAMESHBHAI (NAME AS PER AADHAR CARD NO 4048 4298 8208 AND PAN CARD NO. CXMPK2295J vide affidavit dated 29/07/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
INCORRECT NAME
KATHAD ISHVAR RAMESHBAHI
CORRECT NAME
KATHAD ISHVAR RAMESHBHAI

# मातृशक्ति महिला मंडल ने पेश की मानवता की मिसाल, गरीब कन्या का कराया विवाह



**जबलपुर।** स्थानीय क्षेत्र में सामाजिक सरोकार और लोक कल्याण के कार्यों में अग्रणी रहने वाले 'मातृशक्ति महिला मंडल' द्वारा कल एक अत्यंत सराहनीय और पुनीत कार्य सम्पन्न किया गया। मंडल की महिलाओं ने एकजुट होकर एक अत्यंत निर्धन परिवार की कन्या मुश्कान संग अमित का विवाह का सम्पूर्ण खर्च उठाया और पूरे विधि विधान के साथ उसका विवाह सम्पन्न कराया।

आर्थिक तंगी के कारण इस परिवार के लिए बेटी की शादी करना एक बड़ी चिन्ता का विषय बना हुआ था। जैसे ही इसकी सूचना मातृशक्ति महिला मंडल को मिली, मंडल की अध्यक्ष और सभी सदस्यों ने तुरन्त मदद का हाथ बढ़ाया। मंडल की ओर से न केवल विवाह के लिए भव्य पंडाल, मंडप और सामूहिक भोज (खाने) की व्यवस्था की गई, बल्कि नवविवाहित जोड़े को गृहस्थी शुरू करने के लिए आवश्यक सामान जैसे- बर्तन, कपड़े, बिस्तर और अन्य उपहार भी भेंट किए गए।

शादी के दौरान मंगल गीतों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बेटी को विदा किया गया। विदाई के समय वहां मौजूद सभी लोगों की आँखें नम थीं। वहीं पीड़ित परिवार के चेहरे पर इस बड़ी मदद के लिए गहरा संतोष और खुशी के आँसू थे। इस अवसर पर मातृशक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष सुनीता पटेल, सचिव मंजू वर्मा, मेघा रैकवार, सीमा गुप्ता, रेखा विश्वकर्मा, सोनिया सोंधिया, पूनम राजपूत, सरोज शर्मा, दीपा पटेल, निशा घोष, राधा रैकवार, रजनी विश्वकर्मा, रेखा रैकवार, ज्योति जाट, बबली कुशवाहा, ज्योति मिश्रा, अनीता दुबे, रश्मि केवट, नीलम गोंटिया, दुर्गा सैनी, बबली गोस्वामी आदि विशेष रूप से उपस्थित थीं।

# कचनार योग क्लब में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**जबलपुर।** कचनार योग क्लब में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच संचालक अमित तिवारी ने किया। इस अवसर पर योगाचार्य कमलेश चड़ार एवं योगाचार्य सुंदरलाल गुप्ता का तिलक, पुष्पहार एवं सम्मान के साथ अभिनंदन किया गया। योग साधिका अंजू अरोरा ने गुरु वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर योग साधक यशवंत सिंह, रवींद्र चौकसे, चिंतामणि ठगेले, मुकेश खरे एवं किरण विश्वकर्मा ने गुरु के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कचनार क्लब के संचालक गौरव सेठी, बसंत अग्रवाल, एस.के. नेमा, अखिलेश सिंह सहित सभी योग साधकों का विशेष योगदान रहा।



## नेशनल पदक विजेता पावर लिफ्टर्स का ओएफके स्पोर्ट्स क्लब ने किया सम्मान



**जबलपुर।** महाराष्ट्र के संभाजीनगर में आयोजित नेशनल मास्टर पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) के खिलाड़ियों का ओएफके स्पोर्ट्स क्लब द्वारा सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में एस. टंडेलू ने 6 स्वर्ण पदक, 5 राष्ट्रीय रिकॉर्ड तथा बेस्ट लिफ्टर ऑफ इंडिया का खिताब अपने नाम किया। वहीं एस.जी. पांडेय ने 4 स्वर्ण पदक जीतकर फर्स्ट रनर-अप का सम्मान हासिल किया। भूपेन्द्र सोनी ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर ओएफके के मुख्य महाप्रबंधक प्रवीन कुमार पांडे, महाप्रबंधक ए.के. मीणा, खेल अधिकारी ऋषि पाल, सचिव श्रीहरि, सहसचिव कुलदीप रावत, राहुल मरावी, मान सिंह, राजेन्द्र चढ़ेरिया, प्रेम लाल तथा सभी यूनियन एवं एसोसिएशन के सदस्यों ने खिलाड़ियों का सम्मान कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**In The Court Of XXXIV Civil Judge Class-I District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer: ऋचा बठेजा**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु ।
(RCSA/0000802/2026)
धर्मेन्द्र कुमार झारिया.................वादी Vs
आम जनता.........................प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक: 10/08/2026
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जिला जबलपुर मप्र ।
यह कि प्रार्थी धर्मेन्द्र कुमार झारिया ने आपके विरूद्ध सिविल सूट। आवेदन वास्ते सिविल मृत्यु की घोषणा आज्ञाप्ति बावत । के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख 17 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील
ऋचा बठेजा
34वें व्यवहार वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालयअवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**विजय भारती यादव**
**व्यावहार न्यायाधीश तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.)**
Presiding Officer :सुश्री विजया भारती यादव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (MJC/0000077/2025)
कृष्णा पटेल व अन्य..............वादी Vs
पूजा साहू व अन्य ............. प्रतिवादी
Process Id- / 2026
पेशी दिनांक :- 12/09/2026
प्रेषिती- (1) अनूप कुमार साहू पिता महेन्द्र सिंह साहू पता - निवासी ग्राम कन्तोरा तहसील पाटन जिला जबलपुर (2) दिलीप कुमार साहू पिता महेन्द्र सिंह साहू पता- निवासी ग्राम कन्तोरा तहसील पाटन जिला जबलपुर (3) लक्ष्मी बाई पिता स्व. भागवान दास पति कृष्ण कुमार पता - निवासी महाराजपुर जगदम्बा कालोनी जिला जबलपुर (4) प्रतीक शुक्ला पिता दिनेश शुक्ला पता- निवासी संजीवनी नगर गढ़ा तहसील एवं जिला जबलपुर (5) विकास कुशवाहा पिता राजेश कुशवाहा पता - निवासी ग्राम कन्तोरा तहसील पाटन जिला जबलपुर (6) महेन्द्र सिंह पिता स्व. भगवानदास कुर्मी पता- निवासी ग्राम कन्तोरा तहसील पाटन जिला जबलपुर (7) राशि जैन पिता अनिल कुमार जैन पता- निवासी ग्राम कन्तोरा तहसील पाटन जिला जबलपुर
यह कि प्रार्थी कृष्णा पटैल व अन्य ने आपके विरूद्ध विविध व्यवहार वाद के लिए वाद संस्थित किया है, ग्राम कंतोरा, प.ह.-कन्तोरा, तहसील पाटन, जिला जबलपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर- २८, ५०/१, ५०/२, ५०/३, ५२/१, ५२/२/१/१, ५२/२/१/२, ५२/२/२, ५२/३, ५२/४, ५२/५, ५२/६, ५२/७, ५२/८/१, ५२/८/२, ५२/९, ५२/१०, ५२/११, रकवा क्रमशः ३.३८, ०.३५, २.००, २.००, ०.२५, ०.२०, ०.४०, ०.४०, ०.४०, ०.२०, ०.२८, १.००, ०.२४, ०.०४, ०.२०, ०.२५, ०.२५, ०.२५ है. कुल रकवा १२.०९ है. भूमि विवादित है के संबंध में आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील
विजय भारती यादव
व्यावहार न्यायाधीश तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें :-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।